प्रशासन गावों के संग अभियान–2021

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

प्रकरण सख्या : 4/2020

1. कमलेश बाई पत्नि हेमराज
2. ममता बाई पत्नि महेन्द्र कुमार जातियान धाकड निवासी किशनपुरा तहसील मांगरोल

.......प्रार्थीगण

♠ बनाम ♠

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)

....अप्रार्थी

<u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट0</u>

पीठासीन अधिकारी : श्री शत्रुघ्न सिंह गुर्जर (आरएएस)

वकील वादी : श्री महेन्द्र सिंह हाडा

दायरा दिनांक: 26.03.2020 निर्णय दिनांक : 12.10.2021

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण का खाता संख्या नया 43 ग्राम किशनपुरा तहसील मांगरोल जिला बारां में दर्ज आराजी खसरा नं0 626/1080 रकबा 0.64 है0 के रेकार्डेड खातेदार है वर्तमान राजस्व नक्शा आराजी निम्न प्रकार से है:–



नक्शे की सत्य प्रतिलिपि व जमाबंदी खसरा नं0 626 व 626/1080 प्रार्थना पत्र के साथ पेश है। प्रार्थी का खसरा नं0 626/1080 का रकबा 0.64 है0 का है और खसरा नं0 626 का रकबा 0.15 है0 का है, रकबे के अनुसार सही नक्शा निम्न प्रकार होना चाहिए:–



उप खण्ड अधिकारी
मांगरोल जिला बारां (राज0)

नक्शा काटते समय राजस्व कार्मिको ने प्रार्थीयागण खसरा नं0 626/1080 रकबा 0.64 है0 नक्शे में नीचे दर्ज कर दिया है, और खसरा नं0 626 कारकबा 0.15 है0 नक्शे में ऊपर दर्ज कर दिया है जो कि त्रुटिपूर्ण है क्योकि बडे रकबे का नक्शा बडा होना चाहिए और छोटे रकबे का नक्शा छोटा होना चाहिए। प्रार्थियागण राजस्व नक्शे ऊपरी हिस्से अर्थात उत्तर की ओर काश्त कर रहे है जहां पर वर्तमान में खसरा नं0 626 दर्ज हो रहा है इस खसरा नं0 626 के स्थान पर खसरा नं0 626/1080 रकबा 0.64 है0 दर्ज होना चाहिए जो सही है। जिसे दुरूस्त किया जाना आवश्यक है।

उक्त आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर प्रकरण दिनांक 26.03.2020 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर पत्रावली का अवलोकन किया। तहसीलदार मांगरोल जो लैण्ड होल्डर है तथा राज्य सरकार का पैरोकार है को जांच रिपोर्ट हेतु लिखा गया। तहसीलदार मांगरोल ने अपने पत्र कमांक/भू0अ0/2021/04 दिनांक 11.10.2021 से रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसके अनुसार ग्राम किशनपुरा की जमाबंदी के खाता संख्या 43 खसरा नं0 626/1080 रकबा 0.64 है0 कमलेश बाई पत्नि हेमराज हिस्सा 1/2 ममता बाई पत्नि महेन्द्र कुमार हिस्सा 1/2 जाति धाकड सा0 मांगरोल खातेदार रहन बीओबी शाखा मांगरोल और खाता संख्या 85 खसरा नं0 626 रकबा 0.15 है0 ओम प्रकाश पुत्र हीरालाल वगै0 जाति कुम्हार सा0 खातेदार शेष खाता बदस्तुर जमा के खाते दर्ज है। खसरा नं0 626 और 626/1080 का नजरी नक्शा मुताबिक राजस्व रेकार्ड नक्शा लट्ठा निम्नानुसार हैः–



उक्त नजरी नक्शे में बाद रकबा बरारी खसरा नं0 626 का रकबा 0.64 है0 और खसरा नं0 626/1080 का रकबा 0.15 है0 प्राप्त होता है अर्थात खसरा नं0 626 का रकबा खसरा नं0 626/1080 के रकबे से ज्यादा प्राप्त हो रहा है। जबकि मुताबिक रेकार्ड जमाबंदी खसरा नं0 626 का रकबा 0.15 है0 और खसरा नं0 626/1080 का रकबा 0.64 है0 दर्ज है अर्थात खसरा नं0 626/1080 का रकबा खसरा नं0 626 के रकबे से ज्यादा है स्पष्ट है कि उत्तरी हिस्से का रकबा 0.64 है0 और दक्षिणी हिस्से का रकबा 0.15 है0 दर्ज है अतः उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि उक्त तरमीम खसरो में नम्बर इन्द्राज सहवन से गलत दर्ज हो गया है अर्थात उत्तरी दिशा में खसरा नं0 626/1080 के स्थान पर खसरा नं0 626 व दक्षिण दिशा में खसरा नं0 626 के स्थान पर 626/1080 गलत इन्द्राज हो गया है। ग्राम किशनपुरा की वर्तमान नक्शे

उप खण्ड अधिकारी
मांगरोल जिला बारां (राज0)

Scanned by CamScanner

लट्ठे में उत्तरी दिशा में खसरा नं0 626 के स्थान पर खसरा नं0 626/1080 और दक्षिणी दिशा में खसरा नं0 626/1080 के स्थान पर खसरा नं0 626 दर्ज किया जाना उचित है।

अतः पत्रावली के अवलोकन तथा तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) जो राज्य सरकार का पैरोकार है की इकबालिया रिपोर्ट एवं संलग्न दस्तावेजो के आधार ग्राम किशनपुरा की वर्तमान नक्शे लट्ठे में उत्तरी दिशा में खसरा नं0 626 के स्थान पर खसरा नं0 626/1080 और दक्षिणी दिशा में खसरा नं0 626/1080 के स्थान पर खसरा नं0 626 दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तदनुसार तहसीलदार मांगरोल राजस्व रेकार्ड में दुरूस्त किया जाना सुनिश्चित करें। पत्रावली फैशल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 12.10.2021 को प्रशासन गावों के संग अभियान–2021 कोर्ट केम्प किशनपुरा मजमेंआम में सुनाया गया।

उप खण्ड अधिकारी
मांगरोल जिला बारां (राज0)

(शत्रुघ्न सिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
मांगरोल

Scanned by CamScanner